प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 08.03.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – भारत, महिला सशक्तिकरण में लिख रहा है एक नया अध्याय, देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं महिलाएं।
- कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने रांची में किसान मेले का किया उद्घाटन, कहा – महिलाओं को मजबूत बनाने की दिशा में लगातार काम कर रही है राज्य सरकार।
- मौसम विभाग ने रांची, खूंटी, बोकारो और धनबाद समेत कई जिलों में कल और परसों गरज के साथ हल्की बारिश होने की जताई संभावना।
- अहमदाबाद में, आईसीसी पुरुष टी–20 क्रिकेट विश्व कप के फाइनल में भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेला जा रहा है खिताबी मुकाबला।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली में लगभग 33 हजार 500 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस अवसर पर श्री मोदी ने कहा कि आज शुरू की गई परियोजनाओं से बुनियादी ढांचा मजबूत होगा और लोगों का जीवन सुगम बनेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत, महिला सशक्तिकरण में एक नया अध्याय लिख रहा है और महिलाएं देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

****

राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने आज रांची के नामकुम स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद में दो दिवसीय किसान मेला सह प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर आयोजित इस मेले में कृषि मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं को सामाजिक और आर्थिक रूप से मजबूत बनाने की दिशा में लगातार काम कर रही है।

****

राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने आज पलामू जिले के नक्सल प्रभावित नौडीहा स्थित सरइडीह में भारतीय स्टेट बैंक की शाखा का उद्घाटन किया। इस अवसर पर वित्त मंत्री ने कहा कि इस इलाके में बैंक के खुलने से बैंकिंग समेत अन्य क्षेत्रों का विकास होगा। उन्होंने कहा कि बैंक की सुविधा हो जाने से स्थानीय लोग पैसों की बचत कर पाएंगे और किसानों को ऋण की भी सुविधा मिलेगी।

****

भारतीय जनता पार्टी ने राज्य भर के पार्टी समर्थित निकाय चुनाव के विजयी उम्मीदवारों को सम्मानित किया। रांची स्थित प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू, विधायक सीपी सिंह और नवीन जायसवाल समेत बड़ी संख्या में नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

****

विपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी ने आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल में अराजकता की स्थिति पैदा करना चाहती हैं। श्री मरांडी ने आज बोकारो में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि वे जानबूझकर ऐसी हरकते कर रही हैं जिससे राज्य की स्थिति ख़राब हो जाए।

****

केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने देश के युवाओं से विकसित भारत के निर्माण के मिशन में निर्णायक नेतृत्व की भूमिका निभाने का आह्वान किया है। श्री मंडाविया ने कहा है कि देश के एक सौ 40 करोड़ नागरिक सामूहिक रूप से देश की प्रगति को आगे बढ़ाएंगे, लेकिन आज के युवा जो विकसित भारत की प्राथमिकता हैं, उन्हें भविष्य के निर्माण का नेतृत्व करना होगा।

****

आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस है। इस वर्ष का विषय है– महिलाओं और बालिकाओं के लिए अधिकार, न्याय और प्रयास। हमारी संवाददाता ने बताया है कि यह महिला अधिकारों को मजबूत करने, न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करने और स्त्री–पुरुष समानता में तेजी लाने की भावना को दर्शाता है। पेश है एक रिपोर्ट –

****

राज्य के विभिन्न जिलों में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर केंद्रीय खेल मंत्रालय और मेरा युवा भारत के सहयोग से खेलो इंडिया अस्मिता लीग के तहत विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। धनबाद, बोकारो, देवघर, घाटशिला और लातेहार में आयोजित इन खेल प्रतियोगिताओं में बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और पुरस्कार जीते।

****

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर गिरिडीह नगर निगम की नव निर्वाचित मेयर प्रमिला मेहरा को सम्मानित किया गया। जिला चैंबर ऑफ कॉमर्स की ओर से आयोजित कार्यक्रम में नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार भी मौजूद रहे।

****

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन समिति, जेएसएलपीएस की ओर से आज चतरा जिले के सदर प्रखंड कार्यालय में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा ने सखी मंडल की दीदियों के कार्यों की तारीफ की। उन्होंने राज्य सरकार की ओर से दीदियों के लिए चलायी जा रही अन्य योजनाओं की भी जानकारी दी।

****

गिरिडीह जिले में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के तहत संचालित जन औषधि केंद्र से मरीजों को काफी लाभ मिल रहा है। सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ प्रदीप बैठा ने बताया कि जन औषधि केंद्र में मिलने वाली दवाईयों और ब्रांडेड की गुणवत्ता में कोई अंतर नहीं होता है।

****

मौसम विभाग ने राज्य के कुछ हिस्सों में कल से गरज के साथ हल्की बारिश होने की संभावना जताई है। विभाग ने इसे लेकर अलर्ट भी जारी किया है। विभाग के मुताबिक रांची, खूंटी, बोकारो, धनबाद, जामताड़ा, दुमका और देवघर जिलों में दस मार्च तक तेज हवा और हल्की बारिश हो सकती है।

****

रांची स्थित सरला बिरला महाविद्यालय परिसर में 11 से 13 मार्च तक राष्ट्रीय रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसमें देशभर से लगभग 450 खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रतियोगिता में विजेताओं को साढ़े छह लाख रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी।

****

अहमदाबाद में टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप के फाइनल में आज मौजूदा चैंपियन भारत का सामना न्यूजीलैंड से हो रहा है। न्यूजीलैंड की टीम ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। भारतीय टीम चौथी बार जबकि न्यूजीलैंड दूसरी बार प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंची है।

*******समाप्त********